भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2742
गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना का कार्यान्वयन

2742 श्री एस. सेल्वागनबेथी:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;
(ख) क्या उक्त योजना के अंतर्गत पुडुचेरी सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने पुडुचेरी सरकार द्वारा अब तक स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा प्रस्तुत कर दिया है; और
(घ) क्या स्वदेश दर्शन 2.0 की उप योजना के अंतर्गत पुडुचेरी से इस योजना के अंतर्गत कोई नया प्रस्ताव प्राप्त हुआ है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है और एसडी 2.0 के तहत देश में 793.20 करोड़ रु. की 34 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है जिसमें पुडुचेरी में 1 परियोजना शामिल है। देश में एसडी 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन की 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक उप-योजना के तहत देश में 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है जिसमें संस्कृति एवं विरासत श्रेणी के अंतर्गत पुदुचेरी में 'व्हाइट टाउन' शामिल है।

*****

अनुबंध

श्री एस. सेल्वागनबेथी द्वारा स्वदेश दर्शन 2.0 योजना का कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 19.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2742 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

क्र. सं.	राज्य	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)*	स्वीकृति वर्ष
1.	आंध्र प्रदेश	अराकू-लम्बासिंगी	अराकू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस	29.87	2023-24
2.	अरुणाचल प्रदेश	नाचो	अनलॉक नाचो अभियान	14.02	2023-24
3.	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका सांस्कृतिक हाट	18.48	2023-24
4.	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका एडवेंचर पार्क	12.75	2023-24
5.	असम	कोकराझार	कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस	26.67	2023-24
6.	असम	जोरहाट	रीइमेजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट	23.91	2023-24
7.	गोवा	पोर्वोरिम	पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस	23.56	2024-25
8.	गोवा	कोलवा	कोलवा बीच एक्सपीरियंस	15.65	2024-25
9.	कर्नाटक	हम्पी	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	26.30	2023-24
10.	कर्नाटक	मैसूरु	टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन	4.12	2023-24
11.	कर्नाटक	मैसूरु	ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन	18.36	2023-24
12.	केरल	कुमारकोम	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस	13.92	2023-24
13.	लद्दाख	लेह	जूले लेह जैव विविधता पार्क	24.89	2023-24
14.	लद्दाख	कारगिल	एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस	12.01	2023-24
15.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	फूलबाग एक्सपीरियंस जोन	16.73	2023-24
16.	मध्य प्रदेश	चित्रकूट	चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस	27.21	2023-24
17.	महाराष्ट्र	पुणे	शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-	76.22	2024-25

			चरण 3		
18.	मेघालय	सोहरा	वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस	27.84	2023-24
19.	मेघालय	सोहरा	मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस	32.45	2023-24
20.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन एक्सपीरियंस	7.87	2024-25
21.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस	21.56	2023-24
22.	पुडुचेरी	कराईकल	कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस	20.29	2023-24
23.	पंजाब	कपूरथला	कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस	20.06	2023-24
24.	पंजाब	अमृतसर	अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस	25.90	2024-25
25.	राजस्थान	बूंदी	केशोरायपाटन में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस	17.37	2023-24
26.	सिक्किम	ग्यालशिंग	युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस	15.40	2023-24
27.	सिक्किम	गंगटोक	गंगटोक सांस्कृतिक गांव	22.59	2023-24
28.	तमिलनाडु	मामल्लापुरम	शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस	30.02	2023-24
29.	तेलंगाना	भोंगीर	भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन	56.81	2023-24
30.	तेलंगाना	अनंतगिरि	अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन	38.00	2023-24
31.	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	13.02	2023-24
32.	उत्तर प्रदेश	नैमिषारण्य	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	15.94	2023-24
33.	उत्तराखंड	पिथौरागढ़	गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस	32.20	2023-24
34.	उत्तराखंड	चंपावत	टी गार्डन एक्सपीरियंस	11.21	2023-24
कुल राशि				**793.20**	

⁎ अभी तक एसडी 2.0 योजना के तहत किसी भी राशि का उपयोग नहीं किया गया है।

*****